(3) ऐसा अभिदाता जिसने निधि में अपने नाम जमा रकम को नियम-33 के अधीन निकाल लिया है, ऐसी रकम निकालने के पश्चात् तब तक निधि में अभिदान नही करेगा जब तक कि वह ड्यूटी से वापस नहीं आ जाता।

4. उप नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी उस मास के लिए जिसमें वह सेवा छोडता है, निधि में अभिदान तब तक नही करेगा जब तक कि वह उक्त मास के आरम्भ से पूर्व कार्यालय के प्रधान को उक्त मास के लिए

अभिदान करने के अपने विकल्प की लिखित सूचना नही दे देता।

10. अभिदान की दरें :

(1) निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए, अभिदान की दर अभिदाता द्वारा स्वयं नियत की जाएगी, अर्थात्

(क) यह पूर्ण रुपयों में की जाएगी।

(ख) इस प्रकार दी गई दर कोई भी ऐसी राशि हो सकती है जो उसकी उपलब्धियों के 6 प्रतिशत से कम न हो और उसकी कुल परिलब्धियों से अधिक न हो।

परन्तु ऐसे अभिदाता के मामले में जो कर्मचारी राज्य बीमा निगम अंशदायी भविष्य निधि में 8-1/3 प्रतिशत की उच्च दर से अभिदान करता रहा है, अभिदान की दर इस इस प्रकार से दी गई ऐसी राशि हो सकती है जो उसकी परिलब्धियों के 8-1/3 प्रतिशत से कम न हो और उसकी कुल परिलब्धियों से अधिक न हो।

(ग) जब कोई कर्मचारी यथा स्थिति, 6 प्रतिशत या 8-1/3 प्रतिशत को न्यूनतम दर से अभिदान करने का विकल्प देता है। तब अभिदान को निकटतम पूर्ण रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा और ऐसा करते समय 50 पैसे तथा इससे अधिक को निकटतम पूर्ण रुपए के रूप में गिना जाएगा।

(2) उप नियम (1) के प्रयोजन के लिए अभिदाता की परिलब्धियां :—

(क) ऐसे अभिदाता के मामले में जो पूववर्ती वर्ष की 31 मार्च को सेवा में था, वही परिलब्धियां होंगी जिनका वह उस तारीख को हकदार था ;

परन्तु:—

(1) यदि अभिदाता उक्त तारीख को अर्ध वेतन छुट्टी पर था और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान न करने का विकल्प दिया था अथवा उक्त तारीख को वह निलम्बित था तो उसकी परिलब्धियां वे परिलब्धियां होंगी जिनका कि वह अपनी ड्यूटी पर लौटने के बाद वह उस तारीख को हकदार था ;

(2) यदि अभिदाता उक्त तारीख को, भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति था अथवा उक्त तारीख को अर्ध वेतन छुट्टी पर था और छुट्टी पर रहता है तो उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान करने का विकल्प दिया है तो उसकी परिलब्धियां वे परिलब्धिया होंगी जिनका वह ड्यूटी पर होने या भारत में ड्यूटी पर होने की दशा में हकदार होता ,

(ख) ऐसे अभिदाता के मामले में जो पूर्ववर्ती वर्ष को 31 मार्च को सेवा में नही था, उसकी परिलब्धिया वे होंगी जिनका वह निधि में सम्मिलित होने की तारीख को हकदार था।

3. अभिदाता प्रत्येक वर्ष अपने मासिक अभिदान की रकम नियत करने की सूचना निम्नलिखित रीति से देगा, अर्थात:—

(क) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को ड्यूटी पर था तो ऐसा कटौती द्वारा जो वह उस मास के अगले वेतन बिल से इस निमित्त या ऐसा करने के लिए करता है;

(ख) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को छुट्टी पर था और उसने ऐसी अर्ध वेतन छुटटी के दौरान अभिदान न करने का विकल्प दिया था या ऐसी तारीख को वह निलम्बित था तो ऐसी कटौती द्वारा जो वह ड्यूटी पर वापस आने के बाद अपने प्रथम वेतन बिल में से इस निमित्त करता है ;

(ग) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को छुटटी पर था और अर्ध वेतन छुटटी पर चलता रहता है और उसने ऐसी छुटटी के दौरान अभिदान करने का विकल्प दिया है तो ऐसी कटौती द्वारा जो उस मास के लिए अपने वेतन बिल मे इस निमित्त करवाना पड़ता है या करवाता है।

(घ) यदि उसने वर्ष के दौरान प्रथम बार सेवा में प्रवेश किया है तो ऐसी कटौती द्वारा जो वह उस मास के वेतन बिल मे जिस मास मे, वह निधि में सम्मिलित हुआ है, इस निमित्त करवाना पड़ता है या करता है।

(4) इस प्रकार नियत की गई अभिदान की रकम—

क. वर्ष के दौरान किसी भी समय एक बार घटाई जा सकती है

(ख) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाई जा सकती है;

(ग) यथापूर्वोक्त घटाई या बढ़ाई जा सकता है।

परन्तु यदि अभिदान की रकम उस प्रकार घटाई जाती है तो वह उपनियम (i) में विहित न्यूनतम से कम नहीं होगी।

परन्तु यह और यदि अभिदाता किसी कैलेण्डर मास के किसी भाग में वेतन बिना छुटटी या अर्धवेतन या अर्ध-वेतन छुटटी पर है और उसने ऐसी छुटटी के दौरान अभिदान न करने का विकल्प दिया है तो अभिदान की देय रकम काम करने के दिनों की संख्या जिसमें उस पर निर्दिष्ट छुट्टियों से भिन्न छुटटी यदि कोई है, सम्मिलित है, के अनुपात में होगी।

11. सरकारी या किसी अन्य संगठन या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति के अधीन किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण।

यदि अभिदाता का स्थानान्तरण कर दिया जाता है या उसे भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है तो वह उसी रीति से निधि के नियमों के अधीन रहेगा मानो उसका स्थानान्तरण न हुआ हो या उसे प्रतिनियुक्ति पर न भेजा गया हो।

12. अभिदानों की वसूली

(1) (i)यदि परिलब्धियां कर्मचारी राज्य बीमा निगम निधि से ली जाती है तो अभिदान की वसूली तथा

निधि में से किसी प्रकार की अग्रिम के मूल तथा ब्याज की वसूली परिलब्धियों में से ही की जाएगी।

(2) (2) यदि परिलब्धियां किसी अन्य स्रोत से ली जाती है तो अभिदाता अपनी देय रकम प्रतिमास लेखा अधिकारी को भेजेगा।

परन्तु सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके नियन्त्रणाधीन किसी निगमित निकाय में प्रतिनियुक्त अभिदाता के मामले में अभिदानों की वसूली ऐसे निकाय द्वारा की जाएगी और वह लेखा अधिकारी को भेजी जाएगी।

(3) यदि कोई अभिदाता उस तारीख से जिसको निधि में सम्मलित होने की उससे अपेक्षा की गई है, अभिदान नही करता या किसी वर्ष के दौरान किसी मास अथवा कई मासों में नियम–9 में उपबन्धित से भिन्न स्थिति में अभिदान करने में चूकता है तो अभिदान की बकाया मदें निधि में देय कुल रकम नियम –13 में उपबन्धित दर से ब्याज सहित अभिदाता अविलम्ब निधि में अदा की जाएगी या चूकने पर लेखा अधिकारी उस रकम को अभिदाता की परिलब्धियों में से किस्तों में अथवा अन्यथा जैसा कि वह प्राधिकारी, जो ऐसी अग्रिम की मंजूरी देने के लिए सक्षम है, जिसकी मंजूरी के लिए नियम –14 के उपनियम–(2) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित है, निर्देश करे, कटौती करके वसूली करने के आदेश देगा।

परन्तु उन अभिदाताओं से, जिनकी निधि में जमा राशियों पर कोई ब्याज नहीं दिया जाता है, कोई ब्याज अदा करने की अपेक्षा नही की जाएगी।

13. ब्याज

(1) उपनियम (5) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए निगम अभिदाता के खाते में ब्याज ऐसी दर से जमा करेगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय भविष्य निधि के सम्बंध में प्रत्येक वर्ष के लिए निर्धारित की जाए।

परन्तु यदि किसी वर्ष के लिए अवधारित ब्याज की दर चार प्रतिशत से कम है तो जिस वर्ष के लिए ब्याज की दर प्रथम बार चार प्रतिशत से कम नियत की गई है, उस वर्ष से पूर्ववर्ती वर्ष में निधि के सभी अभिदाताओं को चार प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाएगा।

परन्तु यह और कि उस अभिदाता को भी, जो पहले केन्द्रीय सरकार की किसी अन्य भविष्य निधि में कर रहा था और जिसके अभिदान उन पर ब्याज सहित नियम–26 के अधीन इस निधि में उसके लेखों में अन्तरित कर दिए गए हैं, चार प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाएगा। यदि वह इस नियम के प्रथम परन्तुक के समान किसी उपबंध के अधीन ऐसी अन्य निधि के नियमों के अन्तर्गत उस दर पर ब्याज प्राप्त कर रहा था।

(2) ब्याज प्रत्येक वर्ष के अन्तिम दिन से निम्नलिखित रीति से जमा किया जाएगा; :—

(1) पूर्ववर्ती वर्ष के अन्तिम दिन अभिदाता के जमा खाते रकम पर, उसमें चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशि को घटाकर बारह मास के लिए ब्याज;

(2) चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशि पर चालू वर्ष के आरम्भ से रकम निकालने के मास के पूर्ववर्ती मास के अन्तिम दिन तक के लिए ब्याज;

(3) पूर्ववर्ती वर्ष के अन्तिम दिन के बाद अभिदाता के लेखे में जमा की गई सभी राशियों पर जमा करने की तारीख से चालू वर्ष के अन्त तक के लिए ब्याज;

(4) ब्याज की कुल रकम निकटतम रुपए में पूर्णांकित की जाएगी (पचास पैसे और इससे अधिक को अलग एक रुपया गिना जाएगा)।

परन्तु जब किसी अभिदाता के खाते में जमा रकम देय हो जाती है तो इस नियम के अधीन ब्याज, यथा स्थिति केवल चालू वर्ष के आरम्भ से या जमा करने की तारीख से उस तारीख तक जिसको अभिदाता के लेखे में जमा रकम देय हो जाए, जमा किया जाएगा।

3. इस नियम में परिलब्धियों में से वसूली के मामले में जमा की तारीख उस मास का प्रथम दिन समझी जाएगी जिसमें उसकी वसूली की जाती है और अभिदाता द्वारा भेजी जाने वाली रकम के मामले में उस मास का प्रथम दिन समझी जाएगी जिसमें अभिदान प्राप्त किया गया है, यदि वह उस मास के पांचवें दिन के पूर्व लेखा अधिकारी को प्राप्त हो जाता है, किन्तु यदि वह मास के पांचवें दिन या उसके पश्चात् प्राप्त होता है तो ठीक अगले मास का प्रथम दिन समझी जाएगी;

परन्तु जहां अभिदाता के वेतन या छुट्टी वेतन और भत्ते लेने में विलम्ब हुआ है और परिणामस्वरूप निधि के संबंध में उसके अभिदान की वसूली में भी विलम्ब हुआ है वहां ऐसे अभिदान पर ब्याज उस मास से देय होगा जिसमें अभिदाता का वेतन या छुट्टी वेतन नियमों के अधीन देय था भले ही वह वस्तुतः किसी भी माम में क्यों न लिया गया हो।

परन्तु यह और कि नियम–12 के उपनियम (2) के परन्तुक के अनुसार भेजी गई रकम के मामले में, यदि वह मास के पन्द्रहवें दिन से पूर्व लेखा अधिकारी को प्राप्त हो जाती है तो जमा करने की तारीख मास का प्रथम दिन समझी जाएगी।

परन्तु यह और भी कि जहां मास की परिलब्धियां मास के अन्तिम कार्यदिवस को ली और संवितरित की जाती हैं, वहां अभिदाता के अभिदान की वसूली के मामले में जमा की तारीख आगामी मास का प्रथम दिन समझी जाएगी।

4. नियम–20, 21 या 22 के अधीन संदत्त की जाने वाली किसी रकम के अतिरिक्त उस पर ब्याज उस मास के जिसमें संदाय किए जाएं, पूर्ववर्ती मास के अन्त तक या

जिस मास में रकम देय हुई हो उसके पश्चात छठे मास के अन्त तक, इन दोनों अवधियों में से जो भी कम हो, उस व्यक्ति को देय होगी जिसे ऐसी रकम अदा दी जानी है;

परन्तु जहां लेखा अधिकारी ने उस व्यक्ति (या उसके अभिकर्ता) को कोई ऐसी तारीख सूचित कर दी है जिस तारीख को वह नकद अदायगी करने के लिए तैयार है अथवा अदायगी के लिए उस व्यक्ति को चैक भेज दिया है तो यथास्थिति ब्याज इस प्रकार सूचित तारीख या चैक भेजने की तारीख के पूर्ववर्ती मास के अन्त तक ही देय होगा।

परन्तु यह और कि जहां अभिदाता सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगमित निकाय या सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन रजिस्ट्रीकृत स्वायत्त संगठन में प्रतिनियुक्त के और किसी पूर्व प्रभावी तारीख से ऐसे निगमित निकाय या संगठन में आमेलित कर लिया जाता है तो अभिदाता को निधि में संचतों पर देय ब्याज की गणना के प्रयोजनों के लिए आमेलन की बाबत आदेश जारी किए जाने की तारीख वह तारीख समझी जाएगी, जिसको अभिदाता के नाम में जमा रकम देय हो गई हो, किन्तु यह इस शर्त के अधीन रहते हुए है कि आमेलन की तारीख से आरम्भ होने वाली और आमेलन के आदेश जारी किए जाने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान अभिदान के रूप में वसूल की गई रकम इस उपनियम के अधीन केवल ब्याज दिए जाने के प्रयोजन के लिए निधि में अभिदान समझी जाएगी।

(5) यदि अभिदाता लेखा अधिकारी को सूचित कर देता है कि वह ब्याज लेना चाहता तो उसके खाते में ब्याज जमा नहीं किया जाएगा, किन्तु यदि वह बाद में ब्याज मांगता है तो उस वर्ष के प्रथम दिन से, जिसमें वह ब्याज की मांग करता है, ब्याज उसके खाते में जमा किया जाएगा।

(6) ऐसी रकमों पर जो नियम 2 के उपनियम (3), नियम 20 या 21 के अधीन निधि में अभिदाता के जखा खाते में प्रतिस्थापित की जाती है, ब्याज की गणना ऐसी दरों से की जाएगी जो इस नियम के उपनियम (3) के अधीन उत्तरोत्तर विहित की जाए और जहां तक हो सकता है, ऐसी रीति से संगठित की जाएगी जो इस नियम में वर्णित है।

(7) यदि यह पाया जाता है कि अभिदाता ने निकासी की तारीख को अपने खाते में जमा राशि से अधिक राशि निधि से निकाली है तो अधिक निकाली गई राशि, इस बात का ध्यान किए बिना कि अधिक निकाली गई राशि अग्रिम है या निकासी है या निधि से अन्तिम संदाय है, ब्याज सहित उसके द्वारा इसकी एकमुश्त अदायगी की जाएगी या राशि लौटाने में असफल होने पर अभिदाता की परिलब्धियों में एकमुश्त कटौती करके वसूल करने का आदेश जारी किया जाएगा। यदि कुछ अभिदाता की परिलब्धियों के आधे से अधिक वसूल की जानी हो तो वसूली, ब्याज सहित सम्पूर्ण राशि की वसूली होने तक उसकी परिलब्धियों की आधी मासिक किश्तों में की जाएगी। इस उपनियम के लिए अधिक निकाली गई राशि पर ली जाने वाली ब्याज की दर उपनियम (1) के अधीन अतिशेष भविष्य निधि पर सामान्य दर के अतिरिक्त 2½ होगी। अधिक निकाली गई राशि पर वसूल किया गया ब्याज "049—ब्याज प्राप्तियां निगम की अन्य ब्याज प्राप्तियां,, अन्य प्राप्तियां शीर्ष के अन्तर्गत, भविष्य निधि से निकाली गई राशि पर ब्याज उस शीर्ष के अधीन निगम के खाते में जमा किया जाएगा।

14. निधि से अग्रिम

(1) महानिदेशक या इस सम्बन्ध में उन द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी किसी अभिदाता को निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी एक या अधिक के लिए ऐसी राशि के अग्रिम की अदायगी की मंजूरी दे सकता है जो (----------) पूर्ण रुपयों में होगी और अभिदाता के तीन मास के वेतन की रकम से या निधि में उसके नाम जमा रकम के आधे से, दोनों में से जो भी कम हो अधिक नहीं होगी अर्थात् :—

(क) अभिदाता उसके कुटुम्ब के सदस्यों या उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति की बीमारी, प्रसवावस्था या निःशक्तता की बाबत व्यय का जिसमें जहां आवश्यक हो, यात्रा व्यय भी शामिल है, अदायगी के लिए;

(ख) अभिदाता और उसके कुटुम्ब के सदस्यों का उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति की उच्चतर शिक्षा के खर्च की बाबत, जिसमें जहां आवश्यक हो, यात्रा व्यय भी शामिल है निम्नलिखित दशाओं में पूरा करने के लिए अर्थात् :—

(1) भारत से बाहर हाई स्कूल स्तर से ऊपर किसी शैक्षिक, तकनीकी वृत्तिक या व्यावसायिक पाठ्यक्रम की शिक्षा के लिए ; और

(2) भारत में हाई स्कूल स्तर के ऊपर के किसी चिकित्सीय इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशिष्ट पाठ्यक्रम के लिए, परन्तु यह तब जब कि पाठ्यक्रम तीन वर्ष की कालावधि से कम न हो;

(ग) अभिदाता की हैसियत के अनुसार समुचित स्तर के किसी अनिवार्य व्यय के संदाय के लिए जो व्यय अभिदाता की रूढिगत प्रथा के कारण उसे सगाई या विवाह, अन्त्येष्टि या अन्य संस्कारों के सम्बंध में व्यय करना पड़े।

(घ) अभिदाता, उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य या उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति द्वारा या उसके विरुद्ध संस्थित विधिक कार्यवाहियों के खर्च वहन के लिए इस मामले में अग्रिम किसी अन्य सरकारी स्रोत से इसी प्रयोजन के लिए ग्राह्य किसी अन्य अग्रिम के अतिरिक्त उपलब्ध होगा।

(ङ) जहां अभिदाता अपने विरुद्ध किसी अभिकथित शासकीय कदाचार की बाबत जांच मे अपनी प्रतिरक्षा के लिए किसी विधि व्यवसायी को नियुक्त करता है, वहा उसकी प्रतिरक्षा का व्यय वहन करने के लिए ।

(च) अपने निवास के लिए भूखंड या गृह या फ्लैट के निर्माण की लागत वहन करने के लिए या दिल्ली विकास प्राधिकरण या किसी राज्य आवास बोर्ड अथवा किसी गृह निर्माण सहकारी सोसाइटी द्वारा भूखण्ड या फ्लैट के आबंटन की कोई अदायगी करने के लिए ।

(2) महानिदेशक विशेष परिस्थितियों में किसी अभिदाता को अग्रिम की अदायगी की मंजूरी दे सकते हैं यदि उनका यह समाधान हो जाए कि सम्बन्धित अभिदाता को उपनियम (1) में उल्लिखित कारणों से भिन्न कारणो से अग्रिम की आवश्यकता है ।

(3) किसी अभिदाता को उपनियम (1) मे अभिकथित सीमा से अधिक अग्रिम या जब तक कि किसी पूर्ववर्ती अग्रिम की अन्तिम किश्त की अदायगी नहीं कर दी जाती है, तब तक कोई अग्रिम विशेष कारणो से ही जो लेखबद्ध किए जाएंगे, मंजूर किया जाएगा अन्यथा नही ।

(4) जब उपनियम (3) के अधीन कोई अग्रिम किसी पूर्ववर्ती अग्रिम की अन्तिम किश्त की अदायगी होने से पहले मंजूर कर दिया जाता है तो किसी पूर्ववर्ती अग्रिम के वसूल न किए गए अवशेषो को इस प्रकार मंजूर किए गए अग्रिम मे जोड़ दिया जाएगा और वसूली के लिए किश्तें ऐसी समेकित रकम के संदर्भ मे निश्चित की जाएंगी ।

(5) अग्रिम मंजूर करने के पश्चात् रकम ऐसे मामलों में, जिसमें अन्तिम संदाय के लिए आवेदन नियम-25 के उपनियम (3) के खण्ड (2) के अधीन लेखा अधिकारी को भेजा गया हो, लेखा अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर ही ली जाएगी ।

टिप्पणी :—1.

इस नियम के प्रयोजन के लिए वेतन में जहा स्वीकार्य हो, महंगाई वेतन भी आता है ।

टिप्पणी :—2 इस नियम के प्रयोजन के लिए उपयुक्त मंजूरी प्राधिकारी इन नियमों के साथ संलग्न द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट है ।

टिप्पणी :—3. अभिदाता को नियम-14 के उपनियम (1) की मद (ख) के अधीन अग्रिम लेने की अनुमति प्रत्येक छह मास में एक बार दी जाएगी।

15. अग्रिमो की वसूली :—

(1) अभिदाता से अग्रिम की वसूली उतनी सामान मासिक किश्तों में की जाएगी जो मंजूरी प्राधिकारी निर्दिष्ट करे, किन्तु किश्तों की संख्या 12 से कम तब तक नहीं होगी जब तक अभिदाता स्वयं ऐसा विकल्प न दे । और किसी भी दशा में 24 से अधिक नहीं होगी । विशेष मामलों में, जहां अग्रिम की रकम, नियम 14 के उपनियम (2) के अधीन अभिदाता के तीन मास के वेतन से अधिक हो, वहा मंजूरी प्राधिकारी 24 से अधिक किश्तें नियत कर सकता है किन्तु किसी भी दशा मे 36 से अधिक किश्तें नियत नहीं कर सकता है । अभिदाता अपनी इच्छानुसार किसी मास में एक से अधिक किश्तों का प्रतिसंदाय कर सकता है। प्रत्येक किश्त पूर्ण रुपयों मे होनी चाहिए और ऐसी किश्तें नियत करने के लिए अग्रिम की रकम को, यदि आवश्यक हो, बढ़ाया या घटाया जा सकता है ।

(2) वसूली नियम 12 मे अभिदातों की वसूली के लिए विनिर्दिष्ट रीति से की जाएगी और जिस मास में अग्रिम दिया जाता है उसके ठीक बाद वाले मास के वेतन से आरम्भ होगी। जब अभिदाता निर्वाह अनुदान प्राप्त कर रहा है या किसी कलैंडर मास में दस या अधिक दिन के लिए ऐसी छुट्टी पर है जिसके लिए कोई छुट्टी वेतन नहीं मिलता अथवा अर्धवेतन या अर्ध औसत वेतन के समतुल्य या उससे कम छुट्टी वेतन मिलता है तब उसकी सहमति के बिना वसूली नही की जाएगी । अभिदाता के लिखित निवेदन पर मंजूरी प्राधिकारी अभिदाता को मंजूर किए गए अग्रिम वेतन की वसूली के दौरान वसूलियो को स्थापित कर सकता है ।

(3) यदि अभिदाता को अग्रिम मंजूर कर दिया गया है वह उसे ले चुका है तथा अग्रिम बाद मे अदायगी पूरी होने से पूर्व नामंजूर कर दिया जाता है तो ली गई कुल रकम या उसका अवशेष का अभिदाता द्वारा, निधि मे तुरन्त भुगतान कर दिया जाएगा अथवा व्यतिक्रम की दशा मे, लेखा अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट किए जाने पर अभिदाता की परिलब्धियों में से लेखा अधिकारी के निदेशानुसार एकमुश्त अथवा उतनी मासिक किश्तों मे जो बाद से अधिक न हो कटौती करके वसूल करने का आदेश देगा ।

परन्तु ऐसा अग्रिम नामंजूर करने से पहले अभिदाता को पत्र की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर लिखित में मंजूरी प्राधिकारी को यह स्पष्ट करने का अवसर दिया जाएगा कि अदायगी लागू क्यों न की जाए और यदि स्पष्टीकरण अभिदाता द्वारा पन्द्रह दिन की उक्त अवधि के भीतर भेज दिया जाता है तो इसे निर्णय के लिए महानिदेशक को भेजा जाएगा और यदि स्पष्टीकरण अभिदाता द्वारा पन्द्रह दिन की उक्त अवधि के भीतर स्पष्टीकरण नही भेजा है तो अग्रिम की अदायगी के इस उप नियम में विहित रीति से लागू किया जाएगा ।

4. इस नियम के अधीन की गई वसूलियां अभिदाता के खाते में जमा कर दी जाएगी ।

16. अग्रिम का सदोष उपयोग :

इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, यदि मंजूरी प्राधिकारी के लिए यह सन्देह करने का कारण हो कि नियम 14 के अधीन निधि में से अग्रिम के रूप मे लिए गए धन

का उपयोग उस प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए किया गया है, जिसके लिए ऐसे धन का लिया जाना मंजूर किया गया था तो वह अभिदाता को अपने सन्देह का कारण सूचित करेगा और उससे यह अपेक्षा की जाएगी कि ऐसी सूचना प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर लिखित में यह स्पष्ट करे कि क्या अग्रिम का प्रयोग उसी प्रयोजन के लिए किया गया है, जिसके लिए धन का लिया जाना मंजूर किया गया था । यदि पन्द्रह दिन की उक्त अवधि के भीतर अभिदाता द्वारा भेजे गए स्पष्टीकरण से मंजूरी प्राधिकारी का समाधान नहीं होता है तो मंजूरी प्राधिकारी अभिदाता को संबंधित रकम निधि में तत्काल अदा करने के लिए निदेश देगा या व्यतिक्रम की दशा में अभिदाता की परिलब्धियों में से चाहे वह छुट्टी पर ही क्यों न हो, उसकी एक मुश्त कटौती करने का आदेश दिया जाएगा । परन्तु अदायगी की कुल रकम अभिदाता की परिलब्धियों के आधे से अधिक है तो वसूलियां उसकी परिलब्धियों के अर्धांश की मासिक किस्तों में, तब तक की जाएगी जब तक कि उसके द्वारा सम्पूर्ण रकम की अदायगी नहीं कर दी जाती है ।

टिप्पणी:—इस नियम में परिलब्धियां शब्द में निर्वाह अनुदान सम्मिलित नहीं है ।

17. निधि में आहरण :

(1) इसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए रकम निकालने की मंजूरी उन प्राधिकारियों द्वारा दी जा सकती है जो नियम 14 के उप नियम (2) के अधीन किसी भी समय विशेष कारणों के लिए नियमानुसार अग्रिम मंजूर करने में सक्षम है । अभिदाता की 20 वर्ष की सेवा (जिसमें खंडित सेवाकाल भी, यदि कोई हो, सम्मिलित है (पूरी होने के पश्चात् यह अधिवर्षिता पर उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व 10 वर्ष के भीतर, इनमें से जो भी पहले हो, निधि में उसके नाम जमा रकम में से अभिदाता को निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी एक या अधिक के लिए आहरण की अनुमति दी जा सकती है, अर्थात्:—

(क) अभिदाता या अभिदाता की किसी सन्तान की उच्चतर शिक्षा का खर्चा, जिसमें जहां आवश्यक हो, यात्रा व्यय भी सम्मिलित है, निम्नलिखित मामलों में वहन करने के लिए, अर्थात्:—

(i) भारत से बाहर हाई स्कूल से ऊपर शैक्षिक तकनीकी वृत्तिक या व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए, और

(ii) भारत में हाई स्कूल से ऊपर चिकित्सीय इंजीनियरी या अन्य तकनीकी अथवा विशिष्ट पाठ्यक्रम के लिए :

(ख) अभिदाता या उसके पुत्र या पुत्रियों और उस पर वस्तुतः आश्रित किसी अन्य स्त्री नातेदार की सगाई/विवाह से संबंधित व्यय वहन करने के लिए ;

(ग) अभिदाता और उसके कुटुम्ब के सदस्यों या उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति की बीमारी के संबंध में व्यय, जिसमें जहां आवश्यक हो, यात्रा व्यय भी सम्मिलित है, वहन करने के लिए;

(2) अभिदाता की 10 वर्ष की सेवा (जिसमें खंडित सेवाकाल भी, यदि कोई हो, सम्मिलित है (पूरी होने के पश्चात् या अधिवर्षिता की तारीख से पूर्व 10 वर्ष के भीतर, जो भी पहले हो, निधि में उसके नाम जमा रकम में से अभिदाता को निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी एक या अधिक के लिए आहरण की अनुमति दी जा सकती है, अर्थात्:—

(i) अपने निवास के लिए उपयुक्त गृह का निर्माण करना या उसे अर्जित करना या निर्मित फ्लैट अर्जित करना जिसमें स्थल की लागत भी सम्मिलित है;

(ii) अपने निवास के लिए उपयुक्त गृह निर्माण या उसे अर्जित करने अथवा निर्माण फ्लैट अर्जित करने के लिए स्पष्ट रूप से लिए गए उधार के कारण बकाया रकम की अदायगी करना;

(iii) किसी गृहस्थल का अपने निवास के लिए इस पर गृह निर्माण के लिए खरीद करना या इस प्रयोजन के लिए स्पष्ट रूप से लिए गए उधार के कारण बकाया रकम की अदायगी करना;

(iv) पहले से ही अभिदाता के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा अर्जित गृह अथवा फ्लैट का पुनर्निर्माण करना या उसमें वृद्धि अथवा परिवर्तन करना;

(v) ड्यूटी के स्थान से भिन्न स्थान पर पैतृक गृह या ड्यूटी के स्थान से भिन्न स्थान पर सरकार से लिए गए ऋण की सहायता से निर्मित गृह का नवीकरण, उसमें वृद्धि या परिवर्तन करना या उसे ठीक-ठाक रखना;

(vi) खण्ड (iii) के अधीन खरीदे गए स्थल पर गृह का निर्माण करना;

(vii) अभिदाता की सेवा निवृत्ति की तारीख से पूर्व छह मास के भीतर निधि में उसके नाम जमा रकम से कृषि या कारबार परिसर या दोनों को अर्जित करने के प्रयोजन के लिए दी जा सकती है;

(viii) वित्तीय वर्ष के दौरान एक वर्ष के अभिदान के बराबर राशि एक बार अभिदाता द्वारा स्वयवित्त पोषित तथा अंशदायी आधार पर नियत कर्मचारी समूह बीमा योजना के लिए संदत्त की जाएगी ।

टिप्पणी :—

वह अभिदाता जिसने गृह निर्माण के प्रयोजनों के अग्रिम मंजूर करने के लिए निर्माण और आवास मंत्रालय की योजना के अधीन अग्रिम का लाभ उठाया है या जिसे इस संबंध में किसी अन्य सरकारी स्रोत से सहायता दी गई है, उप नियम के उप-खंड (i), (iii), (iv), और (vi) के अधीन उनमें

विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए और उपर्युक्त योजना के अधीन लिए गए ऋण को अदायगी के प्रयोजनों के लिए भी, नियम 18 के उप नियम (1) के परन्तुक में विनिर्दिष्ट सीमा के अधीन रहते हुए अंतिम रूप से रकम निकालने की मंजूरी का हकदार होगा ।

यदि किसी अभिदाता के पास अपने ड्यूटी के स्थान से भिन्न स्थान पर पैतृक गृह है या उसने सरकार से लिए गए ऋण की सहायता से गृह का निर्माण किया है तो वह अपने ड्यूटी के स्थान पर गृह स्थल खरीदने के लिए या दूसरे गृह के निर्माण के लिए या निर्मित फ्लैट अर्जित करने के लिए उप नियम (2) के खंड (i), (iii) और (vi) के अधीन अन्तिम रूप से रकम निकालने की मंजूरी के लिए हकदार होगा ।

टिप्पणी 2. : उप नियम (2) के खंड (i), (iii), (v) या (vi) के अधीन रकम का निकाला जाना अभिदाता द्वारा निर्मित किए जाने वाले गृह का या की जाने वाली वृद्धि अथवा किए जाने वाले परिवर्तनों का उस क्षेत्र के जहां स्थल या गृह स्थित है, स्थानीय नगरपालिका निकाय द्वारा अनुमोदित रेखाचित्र प्रस्तुत कर दिए जाने के पश्चात ही मंजूर किया जाएगा और केवल उन्हीं मामलों में मंजूर किया जाएगा जिनमें रेखाचित्र वास्तव में अनुमोदित कराया जाता है ।

टिप्पणी 3. : उप नियम (2) के खंड (ii) के अधीन मंजूर की गई आहरण की रकम, खंड (1) के अधीन पिछले आहरण की रकम सहित, उसमें से पिछले आहरण की रकम को घटाकर आवेदन की तारीख को बकाया तीन चौथाई से अधिक नहीं होगी जिस सूत्र का पालन किया जाता है वह यह है :– [उस तारीख को बकाया तथा संबंधित गृह के लिए पिछले आहरण (आहरणों) की रकम के तीन चौथाई से पिछले आहरण (आहरणों) की रकम को घटा दें] ।

टिप्पणी 4. : उप नियम (2) के खंड (1) या (4) के अधीन रकम निकालने की अनुमति वहां भी दी जाएगी जहां गृह स्थल या गृह पत्नी या पति के नाम पर है परंतु यह तब जब कि वह अभिदाता द्वारा किए गए नाम निर्देशन में भविष्य निधि से धन प्राप्त करने के लिए प्रथम नाम निर्देशिती हो ।

टिप्पणी 5 : इस नियम के अधीन किसी एक प्रयोजन के लिए केवल एक बार रकम निकालने की अनुमति दी जाएगी किन्तु विभिन्न संतान के विवाह या शिक्षा अथवा विभिन्न अवसरों पर बीमारियों या उस क्षेत्र के, जहां गृह या फ्लैट स्थित है, स्थानीय नगर पालिका निकाय द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित नए रेखाचित्र के अन्तर्गत आने वाले गृह या फ्लैट में अतिरिक्त वृद्धि या परिवर्तन को एक ही प्रयोजन नहीं समझा जाएगा । किसी गृह को पूरा करने के लिए उपनियम (2) के खंड (1) या (6) के अधीन दूसरा या उसके बाद रकम निकालने की अनुमति टिप्पण 3 के अधीन निर्धारित सीमा तक दी जाएगी ।

टिप्पणी 6. : यदि उसी प्रयोजन के लिए और उसी समय पर नियम 14 के अधीन अग्रिम मंजूर किया जा रहा है तो इस नियम के अधीन रकम निकालने की मंजूरी नहीं दी जाएगी ।

3. रकम निकालने की मंजूरी देने के पश्चात ऐसे मामलों में, जिनमें अंतिम भुगतान के लिए आवेदन नियम 25 के उप नियम (3) के खंड (ii) के अधीन लेखा अधिकारी को भेजा गया था, रकम लेखा अधिकारी द्वारा प्राधिकार दिए जाने पर ही जाएगी ।

18. रकम निकालने की शर्तें .

(1) अभिदाता द्वारा निधि में अपने खाते में जमा रकम से नियम 17 में विनिर्दिष्ट एक या अधिक प्रयोजनों के लिए, एक समय पर निकाली गई कोई राशि सामान्यतया ऐसी रकम के आधे या छह मास के वेतन, दोनों में से जो कम हो, अधिक नहीं होगी परन्तु मंजूरी प्राधिकारी इस सीमा से अधिक रकम का निकालना जो निधि में उसके खाते में जमा अतिशेष के तीन चौथाई तक हो सकती है । (i) उस उद्देश्य को, जिसके लिए रकम निकाली जा रही है, (ii) अभिदाता की हैसियत को, और (iii) निधि में उसके खाते में जमा रकम को सम्यक रूप से ध्यान में रखते हुए मंजूर कर सकता है ।

परन्तु नियम 17 के (घ) के उप नियम (2) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए निकाली जाने वाली अधिकतम रकम गृह निर्माण प्रयोजनों के लिए अग्रिम मंजूर करने के लिए निर्माण और आवास मंत्रालय की योजना के नियम 2 (क) और 3 (ख) के अधीन समय-समय पर विहित अधिकतम सीमा से किसी भी स्थिति में अधिक नहीं होगी ।

परन्तु यह और कि किसी अभिदाता के मामले में जिसने गृह निर्माण प्रयोजनों की बाबत अग्रिम के अनुदान के लिए निर्माण और आवास मंत्रालय की योजना के अधीन कोई अग्रिम लिया है या जिसे अन्य सरकारी स्रोत से इस बारे में कोई सहायता दी गई है, इस उप नियम के अधीन निकाली गई राशि और उपर्युक्त योजना के अधीन दिए गए अग्रिम या किसी अन्य सरकारी स्रोत से ली गई सहायता की राशि मिलाकर उपर्युक्त योजना के नियम 2 (क) और 3 (ख) के अधीन समय-समय पर विहित की गई अधिकतम राशि से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पणी 1. : नियम 17 के उप नियम (2) के खंड (1) के अधीन अभिदाता को मंजूर की गई आहरण की राशि किश्तों में निकाली जा सकती है और किश्तों की संख्या मंजूरी की तारीख से बारह महीने के कैलेण्डर की अवधि में चार से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पणी 2. : उन मामलों में जिनमें अभिदाता को खरीदे गए स्थल या गृह अथवा फ्लैट या दिल्ली विकास प्राधिकरण या किसी राज्य आवास बोर्ड अथवा गृह निर्माण सहकारी सोसाइटी के माध्यम से निर्मित मकान या फ्लैट के लिए भुगतान किश्तों में करना है, उसे तब-तब रकम निकालने की अनुमति दी जाएगी जब जब उससे ऐसी किश्तों का भुगतान करने के लिए कहा जाएगा । ऐसा प्रत्येक भुगतान नियम 16 के लिए पृथक प्रयोजन के लिए भुगतान माना जाएगा ।

2. वह अभिदाता जिसे नियम 17 के अधीन निधि में से धन निकालने की अनुमति दी गई है, मंजूरी प्राधिकारी का ऐसे यथोचित समय के भीतर जो ऐसे प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, यह समाधान करेगा कि धन का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया गया है जिसके लिए निकाला गया था और यदि वह ऐसा करने में चूक जाता है तो इस प्रकार निकाली गई कुल राशि अथवा उसके उतने भाग को जो उस प्रयोजन के लिए, जिसके लिए वह निकाला गया था, उपयोग में नहीं लाया गया है, अभिदाता द्वारा तुरन्त निधि में एकमुश्त लौटाया जाएगा और ऐसा भुगतान करने में चूक होने की स्थिति में मंजूरी प्राधिकारी उस रकम को उसकी परिलब्धियों में से या तो एकमुश्त या उतनी मासिक किश्तों में, जो महानिदेशक द्वारा अवधारित की जाए वसूल करने का आदेश देगा ।

परन्तु इस नियम के अधीन आहरण की अदायगी लागू करने से पहले अभिदाता को पत्र की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर लिखित में यह स्पष्ट करने का अवसर दिया जाएगा कि अदायगी को लागू क्यों न किया जाए और यदि मंजूरी प्राधिकारी स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है अथवा अभिदाता द्वारा पन्द्रह दिन की उक्त अवधि के भीतर स्पष्टीकरण नहीं भेजा जाता है तो मंजूरी प्राधिकारी इस उप नियम के अधीन विहित रीति से अदायगी करवाएगा ।

3. (क) वह अभिदाता जिसे नियम 17 के उपनियम (2) के खंड (i), खंड (ii) और (iii) के अधीन निधि में अपने नाम जमा रकम निकालने की अनुमति दी गई है, इस प्रकार निकाले गए धन से निर्मित या अर्जित गृह या खरीदे गए गृह स्थल का कब्जा विक्रय बंधक (महानिदेशक के नाम में बंधक से भिन्न) दान या विनिमय द्वारा या अन्यथा किसी रूप में, महानिदेशक की पूर्व अनुमति के बिना नहीं देगा :

परन्तु ऐसी अनुमति किसी ऐसी अवधि के लिए गृह या गृह स्थल को पट्टे पर देने के लिए

(1) जो तीन वर्ष से अधिक न हो या

(2) उसे किसी आवास बोर्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक, जीवन बीमा निगम या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम के पक्ष में जिसने नए गृह के निर्माण के लिए या विद्यमान गृह में वृद्धि या परिवर्तन करने के लिए कोई ऋण दिया हो, बंधक रखने के लिए, आवश्यक नहीं होगी ।

(ख) अभिदाता प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर तक इस आशय की एक घोषणा प्रस्तुत करेगा कि, यथास्थिति, गृह या गृह स्थल उसके कब्जे में ही है अथवा वह पूर्वोक्त के अनुसार बंधक रख दिया गया है अथवा अन्यथा अंतरित कर दिया गया है या पट्टे पर दे दिया गया है और यदि ऐसी अपेक्षा की जाए तो मंजूरी प्राधिकारी के समक्ष ऐसे प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट तारीख को या उससे पूर्व वह मूल विक्रय, बंधक या पट्टा विलेख तथा ऐसे अन्य दस्तावेज भी जिन पर सम्पत्ति पर उसका हक आधारित है, प्रस्तुत करेगा।

(ग) यदि अपनी सेवा निवृत्ति से पूर्व किसी समय अभिदाता महानिदेशक की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना गृह या गृह स्थल का कब्जा त्याग देता है तो वह तुरन्त अपने द्वारा निकाली गई राशि का निधि में एकमुश्त भुगतान करेगा और ऐसा भुगतान करने में चूक की स्थिति में मंजूरी प्राधिकारी, अभिदाता को इस विषय में अभ्यावेदन करने का उपयुक्त अवसर देने के पश्चात उक्त राशि को अभिदाता की परिलब्धियों में से या तो एकमुश्त अथवा उतनी मासिक किश्तों में जो उसके द्वारा अवधारित की जाए, वसूल कराएगा ।

टिप्पणी : उस अभिदाता से जिसने कर्मचारी राज्य बीमा निगम से ऋण लिया है और उसके बदले में गृह या गृहस्थ निगम को बंधक रख दिया है, निम्नलिखित आशय का एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाएगी, अर्थात् :–

"मैं प्रमाणित करता हूं कि जिस गृह या गृह स्थल के निर्माण के लिए या अर्जन के लिए मैंने भविष्य निधि से धन निकाला था वह मेरे कब्जे में ही है किन्तु निगम के पास बंधक रख दिया गया है ।"

19. अग्रिम का आहरण में परिवर्तन : वह अभिदाता जिसने नियम 14 के अधीन उक्त नियम में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी प्रयोजन के लिए अग्रिम लिया है अथवा भविष्य में ले सकता है, नियम 17 और 18 में निर्धारित शर्तों को पूरा कर देने पर स्वविवेकानुसार और मंजूरी प्राधिकारी के माध्यम से लेखा अधिकारी को संबंधित लिखित निवेदन करके अग्रिम के बकाया अतिशेष को अन्तिम आहरण में परिवर्तित कर सकता है ।

टिप्पण 1. : प्रशासनिक अधिकारी अराजपत्रित अभिदाताओं के मामले में कार्यालय के प्रधान से और राजपत्रित अभिदाताओं के मामले में संबंधित खजाना अधिकारी को वेतन बिलों में से वसूलियां रोकने के लिए तब कह सकता है जब ऐसे परिवर्तन के लिए आवेदन ऐसे प्राधिकारी द्वारा लेखा अधिकारी को भेज दिया जाता है प्रशासनिक प्राधिकारी अभिदाता को सूचना भेजने वाले पत्र की एक प्रति उस खजाना अधिकारी को भेजेगा जिससे वह अभिदाता अपना वेतन प्राप्त करता है ताकि आगे वसूलियां रोकने की अनुमति दी जा सके ।

टिप्पण 2 : नियम 18 के उपनियम (1) के प्रयोजनों के लिए, परिवर्तन के समय खाते में अभिदाता के नाम जमा रकम या अभिदान तथा उस पर ब्याज और अग्रिम को बकाया रकम को अतिशेष माना जाएगा । प्रत्येक रकम का निकालना पृथक रकम का निकालना माना जाएगा और एक से परिवर्तनों की स्थिति में वही सिद्धांत लागू होगा ।

20. निधि में से संचयों का अन्तिम रूप से आहरण जब अभिदाता सेवा छोड़ दे तब निधि में उसके नाम जमा रकम उसे देय हो जाएगी :

परन्तु वह अभिदाता जिसे सेवा से पदच्युत कर दिया गया है और बाद में सेवा में बहाल कर दिया गया है यदि महानिदेशक ऐसा करने की अपेक्षा करें तो वह इस नियम के अनुसरण में निधि में से उसे भुगतान की गई रकम का नियम 13 के उपबन्धित दर से ब्याज के साथ, नियम 21 के परन्तुक में उपबन्धित रीति से भुगतान करेगा । इस प्रकार भुगतान की गई रकम निधि में उसके खाते में जमा कर दी जाएगी ।

स्पष्टीकरण 1 :– संविदा पर नियुक्त किए गए अभिदाता से अथवा उस अभिदाता से, जो सेवा से निवृत्त हो गया है, जिसे बाद में सेवा के व्यवधान के साथ या उसके बिना पुनः नियोजित किया गया है, भिन्न अभिदाता के बारे में उस दशा में यह नहीं समझा जाएगा कि उसने सेवा छोड़ दी है । जब उसे सेवा में व्यवधान बिना राज्य सरकार के अधीन अथवा केन्द्रीय सरकार के किसी दूसरे विभाग के अधीन (जिसमें वह किन्हीं अन्य भविष्य निधि नियमों द्वारा शासित होता है) किसी अन्य पद पर स्थानांतरित कर दिया जाता है और उसका अपने पूर्व पद से कोई संबंध नहीं रह जाता । ऐसे मामले में उसके अभिदाय ब्याज सहित :–

(क) यदि नया पद केन्द्रीय सरकार के अन्य विभाग में है तो अन्य निधि में उस निधि के नियमों के अनुसार अंतरित कर दिए जाएंगे, या

(ख) यदि नया पद किसी राज्य सरकार के अधीन है और वह राज्य सरकार साधारण या विशेष आदेश द्वारा अभिदानों और ब्याज के ऐसे अंतरण के लिए सहमति दे देती है तो संबंधित राज्य सरकार के अधीन नए लेखे में अंतरित कर दिए जाएंगे ।

टिप्पणी :– स्थानांतरण के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में या राज्य सरकार के अधीन सेवा में व्यवधान के बिना और केन्द्रीय सरकार की समुचित आज्ञा से कोई नियुक्ति ग्रहण करने के लिए पदत्याग के मामले आएंगे । ऐसे मामलों में जिस सेवा में व्यवधान हो जाता है उनमें व्यवधान केवल भिन्न स्थानांतरण के लिए दी गई पदग्रहण अवधि तक सीमित होगा ।

यही उपबन्ध ऐसे मामलों पर भी लागू होंगे जिनमें छंटनी पश्चात् तुरन्त उसी या भिन्न सरकार के अधीन नियोजन जब प्राप्त हो जाता है ।

स्पष्टीकरण 2 : संविदा पर नियुक्त किए गए अभिदाता से भिन्न अभिदाता, जो सेवा निवृत्त हो चुका है और जिसे बाद में, सेवा में व्यवधान के बिना, किसी ऐसे निगमित निकाय, जो सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन है, अथवा सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी स्वशासी संगठन में पुनः नियोजित अथवा स्थानांतरित किया जाता है, तो अभिदानों की रकम का उस पर ब्याज सहित उसे भुगतान नहीं किया जाएगा, अपितु वे उस निकाय की सहमति से उस निकाय के अधीन नए भविष्य निधि लेखे में अंतरित कर दी जाएंगी ।

स्थानांतरण के अंतर्गत सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगमित निकाय या सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी स्वशासी संगठन के अधीन सेवा में व्यवधान के बिना और केन्द्रीय सरकार की यथोचित अनुमति से पदग्रहण करने के लिए सेवा से पदत्याग के मामले भी आते हैं। नए पद का भार ग्रहण करने में लगने वाले समय को, यदि वह समय सरकारी कर्मचारी की एक पद से दूसरे पद पर स्थानांतरण के लिए स्वीकार्य पद ग्रहण अवधि से अधिक नहीं है तो, सेवा भंग नहीं माना जाएगा।

परन्तु किसी लोक उद्यम के अधीन सेवा के लिए विकल्प देने वाले अभिदाता के अभिदान की रकम और उस पर ब्याज, यदि अभिदाता ऐसा चाहता है और यदि संबंधित उद्यम ऐसे अंतरण के लिए सहमत हो जाता है तो, ऐसे उद्यम के अधीन उसके नए भविष्य निधि लेखे को अंतरित कर दिया जाएगा। लेकिन यदि अभिदाता ऐसे अंतरण की इच्छा नहीं करता है या संबंधित उद्यम की कोई भविष्य निधि नहीं है तो उपरोक्त रकम अभिदाता को वापस कर दी जाएगी।

21 अभिदाता की सेवानिवृत्ति

जब

(क) अभिदाता सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी पर चला गया है या यदि वह किसी प्रवकाश विभाग में नियोजित है तो जब वह अवकाश के साथ सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी पर चला गया है, या

(ख) अभिदाता को छुट्टी पर रहने के दौरान सेवानिवृत्ति होने की अनुमति दे दी गई है या सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आगे और सेवा करने के अयोग्य घोषित कर दिया गया है,

तब निधि में उसके नाम जमा रकम, उसके द्वारा इस निमित्त लेखा अधिकारी को आवेदन किए जाने पर अभिदाता को संदेय हो जाएगी :

परन्तु यदि अभिदाता ड्यूटी पर वापस आ जाता है तो वह, महानिदेशक द्वारा ऐसी अपेक्षा करने पर, इस नियम के अनुसरण में निधि से उसे भुगतान की गई रकम का उस पर नियम 13 में उपबंधित दर से ब्याज के साथ नकद या प्रतिभूतियों के रूप में किश्तों में या अन्यथा उसकी परिलब्धियों में से वसूली द्वारा उस अधिकारी के निदेशानुसार जो ऐसे अग्रिम की मंजूरी देने के लिए सक्षम है और जिसकी मंजूरी देने के लिए नियम 14 के उपनियम (2) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित है अपने खाते में जा किए जाने के लिए निधि में भुगतान करेगा।

22. अभिदाता की मृत्यु होने पर प्रक्रिया:

निधि में अभिदाता के नाम जमा रकम के देय हो जाने से पूर्व या जहां रकम देय हो गई है वहां भुगतान किए जाने के पूर्व अभिदाता की मृत्यु हो जाने पर :

(1) जहां अभिदाता कुटुंब छोड़ जाता है .—

(क) यदि नियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में अथवा इसके पूर्व तत्समान किसी नियम के अनुसार अभिदाता द्वारा किया गया नाम निर्देशन कुटुंब के किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों के पक्ष में है तो निधि में अभिदाता के नाम जमा रकम या उसका कोई भाग जिसके संबंध में नामनिर्देशन किया गया है, अभिदाता के नामनिर्देशिती या नामनिर्देशितियों के नामनिर्देशन में विनिर्दिष्ट अनुपात से देय हो जाएगा,

(ख) यदि अभिदाता के कुटुंब के किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों के पक्ष में ऐसा कोई नाम निर्देशन नहीं है अथवा यदि ऐसा नाम निर्देशन निधि में अभिदाता के नाम जमा रकम के केवल कुछ भाग के संबंध में है तो, यथास्थिति, संपूर्ण रकम या उसका वह भाग जिसके संबंध में नाम निर्देशन नहीं है, इस बात के होते हुए भी कि अभिदाता के कुटुंब के किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों से भिन्न किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों के पक्ष में कोई नाम निर्देशन तात्पर्यित है, उसके कुटुंब के सदस्यों के बीच समान अंशों में से देय होगा :

परन्तु ऐसा कोई अंश—

(1) उन पुत्रों को जो वयस्क हो चुके हैं;

(2) मृत पुत्र के उन पुत्रों को जो वयस्क हो चुके हैं;

(3) उन विवाहित पुत्रियों को जिनके पति जीवित है;

(4) मृत पुत्र की उन विवाहित पुत्रियों को जिनके पति जीवित हैं, देय नहीं होगा यदि खंड (1), (2), (3) और (4) में निर्दिष्ट व्यक्तियों से भिन्न कुटुंब का कोई सदस्य है :

परन्तु यह और कि मृत पुत्र की विधवा या विधवाओं और संतान को आपस में समान भागों में केवल वह अंश प्राप्त होगा जो उस पुत्र को, यदि वह अभिदाता का उत्तरजीवी होता तथा प्रथम परन्तुक के खंड (1) के उपबंधों से छूट प्राप्त होती तो, प्राप्त होता।

(ii) यदि अभिदाता अपना कोई कुटुंब नहीं छोड़ता है, तब यदि नियम 1 के उपबंधों या इससे पूर्व प्रवृत्त तत्समान किसी नियम के उपबंधों के अनुसार अभिदाता द्वारा किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों के पक्ष में किया गया कोई नामनिर्देशन अस्तित्व में है, तो निधि में अभिदाता के नाम जमा रकम या उसका वह भाग जिससें नामनिर्देशन संबंधित है अभिदाता के नाम निर्देशिती या नाम निर्देशितियों को नाम निर्देशन में विनिर्दिष्ट अनुपात में देय हो जाएगा।

23. जमाराशि—सहबद्ध बीमा योजना—

30 सितम्बर, 1991 को या उससे पूर्व अभिदाता की मृत्यु हो जाने पर तथा जिस पर नियम-24 लागू नहीं होता है अभिदाता के नाम जमा रकम प्राप्त करने के हकदार व्यक्ति को लेखा अधिकारी ऐसे अभिदाता की मृत्यु से ठीक तीन वर्ष पूर्व के दौरान खाते में औसत अतिशेष के बराबर अतिरिक्त रकम इस शर्त के अधीन देगा कि—

(क) ऐसे अभिदाता के नाम जमा अतिशेष उसकी मृत्यु के मास पूर्व तीन वर्ष के दौरान किसी भी समय निम्नलिखित से कम न हो—

(i) ऐसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में ऐसा पद धारण किया जिसका अधिकतम वेतनमान 1300* या उससें अधिक है—4000 रु.

(2) ऐसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में ऐसा पद धारण किया है जिसका अधिकतम वेतनमान 900 रुपए या उससे अधिक है किंतु 1300 रु.* से कम है—2500 रुपए।

(3) ऐसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में ऐसा पद धारण किया है जिसका अधिकतम वेतनमान 291 रुपए या उससे अधिक है किंतु 900रु.* से कम है—1500 रुपए।

*पूर्वपरिशोधित वेतनमान ।

(4) ऐसें अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में ऐसा पद धारण किया है जिसका वेतनमान 291* रुपए सें कम है—1000 रुपए (*पूर्व परिशोधित वेतनमान)

(ख) इस नियम के अधीन देय अतिरिक्त रकम दस हजार रुपए सें अधिक नहीं होगी।

(ग) अभिदाता ने अपनी मृत्यु के समय कम से कम पांच वर्ष की सेवा कर ली हो।

टिप्पणी 1

औसत अतिशेष की गणना उस मास से, जिसमें मृत्यु हुई है, पूर्व 36 मास में से प्रत्येक मास के अंत में अभिदाता के नाम जमा अतिशेष के आधार पर की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए और ऊपर विहित न्यूनतम अतिशेष की जांच करने के लिए भी—

(क) मार्च के अंत के अतिशेष में नियम 13 के निबंधनों के अनुसार जमा किया गया वार्षिक ब्याज भी सम्मिलित होगा, और

(ख) यदि उपर्युक्त 36 मासों में से अंतिम मास मार्च नहीं है तो, उक्त अंतिम मास के अंत के अतिशेष में उस वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से, जिसमें मृत्यु हुई है, उक्त अंतिम मास के अंत तक की अवधि की बाबत ब्याज भी सम्मिलित होगा।

टिप्पणी-2

इस योजना के अधीन भुगतान पूर्व रुपयों में होना चाहिए। यदि किसी देय रकम में रुपए का कोई भाग सम्मिलित है तो उसे निकटतम रुपए में पूर्णांकित कर दिया जाना चाहिए। पचास पैसे की गणना एक और रुपए के रूप में की जाएगी।

टिप्पणी-3

इस योजना के अधीन देय धनराशि बीमा धन के किस्म की है, और इसलिए, भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का अधिनियम 19) की धारा 3 द्वारा दिया गया कानूनी संरक्षण इस योजना के अधीन देय धनराशि पर लागू नहीं होता।

टिप्पणी-4

यह योजना निधि के उन अभिदाताओं पर भी लागू होती है जिन्हें किसी सरकारी विभाग को स्वशासी संगठन में परिवर्तित कर दिए जाने के परिणाम स्वरूप ऐसें निकाय को स्थानांतरित कर दिया गया है और जिन्होंने ऐसा स्थानांतरण होने पर अपने को दिए गए विकल्प के निबंधनों के अनुसार इन नियमों के अनुसार इस निधि में अभिदान करने का विकल्प दिया है।

टिप्पणी-5

(क) ऐसे सरकारी कर्मचारी के मामले में जिसे नियम 26 या नियम 27 के अधीन निधि के फायदों में शामिल किया गया है, किंतु, जिसकी मृत्यु, यथास्थिति निधि में उसके शामिल होने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा या पांच वर्ष की सेवा पूरी होने सें पूर्व हो जाती है, पूर्ववर्ती नियोजक के अधीन उसकी सेवा की वह अवधि, जिसकी बाबत उसके अभिदानों की रकम और नियोजक का अभिदाय, यदि कोई हो, ब्याज सहित प्राप्त हो गया है, इस नियम के खण्ड (क) और खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए गिनी जाएगी।

(ख) आवधिक आधार पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों के मामले में और पुनर्नियोजित पेंशन भोगी व्यक्तियों के मामले में, यथास्थिति ऐसी नियुक्ति या ऐसे पुनर्नियोजन की तारीख से की गई सेवा ही इस नियम के प्रयोजनों के लिए गिनी जाएगी।

(ग) यह योजना संविदा के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों पर लागू नहीं होगी।

टिप्पणी-6

इस योजना की बाबत व्यय के बजट प्राक्कलन निधि के लेखा को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी लेखा अधिकारी द्वारा व्यय के रुख को ध्यान में रखते हुए उसी रीति में तैयार किए जाएंगे जिस प्रकार अन्य सेवानिवृत्ति फायदों के लिए प्राक्कलन तैयार किए जाते हैं।

21. जमाराशि-सहबद्ध बीमा परिशोधित योजना :—

अभिदाता की मृत्यु पर अभिदाता के नाम जमा रकम प्राप्त करने के हकदार व्यक्ति को लेखा अधिकारी ऐसे अभिदाता की मृत्यु से ठीक तीन वर्ष पूर्व के दौरान खाते में औसत अतिशेष के बराबर अतिरिक्त रकम इस शर्त के अधीन देगा कि—

(क) ऐसे अभिदाता के नाम जमा अतिशेष उसकी मृत्यु के मास से पूर्व तीन वर्ष के दौरान किसी भी समय निम्नलिखित से कम न हो —

(1) ऐसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में ऐसा पद धारण किया है जिसका अधिकतम वेतनमान 4000 रु. या उससे अधिक है—12,000 रुपए;

(2) एसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकाँश भाग में, ऐसा पद धारण किया है जिसका अधिकतम वेतनमान 2900 रुपए या उससे अधिक है किन्तु 4000 रु. से कम है—7,500 रु.

(3) ऐसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में, ऐसा पद धारण किया है जिसका अधिकतम वेतनमान 1,151 रुपए

या उससे अधिक है किन्तु 2,900 रुपए से कम है— 4,500 रुपए.

(4) ऐसे अभिदाता के मामले में जिसने तीन वर्ष की उपर्युक्त अवधि के अधिकांश भाग में, ऐसा पद धारण किया है जिसका अधिकतम वेतनमान 1,151 रुपए से कम है—3000 रुपए,

(ख) इस नियम के अधीन देय अतिरिक्त रकम 30,000 रुपए से अधिक नहीं होगी।

(ग) अभिदाता ने अपनी मृत्यु के समय कम से कम पांच वर्ष की सेवा कर ली हो।

टिप्पणी-1 : औसत अतिशेष की गणना उस मास से, जिसमें मृत्यु हुई है, पूर्व 36 मास में से प्रत्येक मास के अन्त में अभिदाता के नाम जमा अतिशेष के आधार पर की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए और ऊपर विहित न्यूनतम अतिशेष की जांच करने के लिए भी —

(क) मार्च के अन्त के अतिशेष में नियम 13 के निबन्धों के अनुसार जमा किया गया वार्षिक ब्याज भी सम्मिलित होगा, और

(ख) यदि उपर्युक्त 36 मासों में से अन्तिम मास मार्च नहीं है, तो, उक्त अन्तिम मास के अन्त के अतिशेष में उस वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से, जिसमें मृत्यु हुई है, उक्त अन्तिम मास के अंत तक की अवधि की बाबत ब्याज भी सम्मिलित होगा।

टिप्पणी-2 : इस योजना के अधीन भुगतान पूर्ण रुपयों में होगा। यदि किसी देय रकम में रुपए का कोई भाग सम्मिलित है तो उसे निकटतम रुपए में पूर्णांकित कर दिया जाना चाहिए। पचास पैसे की गणना एक रुपए के रूप में की जाएगी।

टिप्पणी-3 : इस योजना के अधीन देय धनराशि बीमा धन के किस्म की है और, इसलिए, भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का अधिनियम 19) की धारा 2 द्वारा दिया गया कानूनी संरक्षण इस योजना के अधीन देय धनराशि पर लागू नहीं होता।

टिप्पणी-4 : यह योजना निधि के उन अभिदाताओं पर भी लागू होती है जिन्हें किसी सरकारी विभाग को स्वशासी संगठन में परिवर्तित कर दिए जाने के परिणामस्वरूप ऐसे निकाय को स्थानांतरित कर दिया गया है और जिन्होंने ऐसा स्थानांतरण होने पर अपने को दिए गए विकल्प के निबन्धनों के अनुसार इन नियमों के अनुसार इस निधि में अभिदान करने का विकल्प दिया है।

टिप्पणी-5(क) : ऐसे सरकारी कर्मचारी के मामले में जिसे नियम 26 या 27 के अधीन निधि के फायदों में शामिल किया गया है, किन्तु जिसकी मृत्यु, यथास्थिति निधि में उसके शामिल होनें की तारीख से तीन वर्ष की सेवा या पांच वर्ष की सेवा पूरी होने से पूर्व हो जाती है, पूर्ववर्ती नियोजक के अधीन उसकी सेवा की वह अवधि, जिसकी बाबत उसके अभिदानों की रकम और नियोजक का अभिदान, यदि कोई हो, ब्याज सहित प्राप्त हो गया है, इस नियम के खण्ड (क) और (ग) के प्रयोजनों के लिए गिनी जाएगी।

(ख) आवधिक आधार पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों के मामले में और पुर्ननियोजित पेंशन भोगी व्यक्तियों के मामले में, यथास्थिति, ऐसी नियुक्ति या ऐसे पुर्ननियोजन की तारीख से की गई सेवा ही इस नियम के प्रयोजनों के लिए गिनी जाएगी।

(ग) यह योजना संविदा के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों पर लागू नहीं होती है।

टिप्पणी-6 : इस योजना की बाबत व्यय के बजट प्राक्कलन निधि के लेखा को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी लेखा अधिकारी द्वारा व्यय के रुख को ध्यान में रखते हुए उसी रीति से तैयार किए जाएंगे जिस प्रकार अन्य सेवानिवृत्ति फायदों के लिए प्राक्कलन तैयार किए जाते हैं।

25. निधि में रकम की अदायगी की रीति :—

(1) जब निधि में अभिदाता के नाम जमा रकम देय हो जाती है तो लेखा अधिकारी का यह कर्त्तव्य होगा कि यह उपनियम (3) में जैसा उपबंधित है उसके अनुसार इस निमित्त लिखित आवेदन प्राप्त होने पर उसकी अदायगी करेगा।

(2) यदि वह व्यक्ति जिसे इन नियमों के अधीन कोई रकम या पालिसी संदत्त, समनुदेशित, पुनः समनुदेशित या परिदत्त की जानी है, पागल है और उसकी सम्पदा के लिए भारतीय पागलपन अधिनियम, 1912 के के अधीन इस निमित्त कोई प्रबन्धक नियुक्त किया गया है तो ऐसी अदायगी या पुनः समनुदेशन या परिदान ऐसे प्रबन्धक को किया जाएगा, उस पागल को नहीं।

परन्तु यदि कोई प्रबन्धक नियुक्त नहीं किया गया है और वह व्यक्ति जिसे राशि देय है मजिस्ट्रेट द्वारा पागल प्रमाणित कर दिया जाता है तो अदायगी भारतीय पागलपन अधिनियम, 1912 की धारा 95 की उपधारा (1) के अनुसार कलक्टर के आदेश से उस व्यक्ति को की जाएगी जिसकी देख-रेख में ऐसा पागल व्यक्ति हैं और लेखा अधिकारी केवल उतनी रकम उसे भुगतान करेगा जो वह उस व्यक्ति को जिसकी देख-रेख में वह पागल है, देना ठीक समझे तथा, अतिशेष, यदि कोई हो, अथवा उसका उतना भाग, जितना लेखा अधिकारी ठीक समझे, ऐसे पागल व्यक्ति के कुटुम्ब के ऐसे सदस्यों के भरण-पोषण के लिए भुगतान किया जाएगा जो ऐसे पागल व्यक्ति पर भरण-पोषण के लिए आश्रित है।

(3) निकाली गई रकम का भुगतान केवल भारत में किया जाएगा। जिन व्यक्तियों को रकम देय है उन्हें रकम को भारत में प्राप्त करने के लिए अपनी व्यवस्था

करनी होगी। अभिदाता द्वारा भुगतान का दावा करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी, अर्थात् :—

(1) अभिदाता को निधि से रकम निकालने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने में समर्थ बनाने के लिए कार्यालय का प्रधान प्रत्येक अभिदाता को आवश्यक प्रारूप (फार्म) या तो उसकी अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की आयुपूर्ण होने की तारीख से एक वर्ष पूर्व या यदि उसकी प्रत्याशित सेवानिवृत्ति की तारीख पूर्वत्तर हो तो उसकी प्रत्याशित सेवानिवृति की तारीख से पूर्व इस अनुदेश के साथ भेजेगा कि उन प्रारूपों को सम्यक रूप से पूरा करने के पश्चात् अभिदता प्ररूप प्राप्त होने की तारीख से एक मास के भीतर वापस कर दे। अभिदाता अपने कार्यालय या विभाग के प्रधान के माध्यम से लेखा अधिकारी के समक्ष निधि की रकम के भुगतान के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा।

आवेदन—

(क) निधि में उसके नाम जमा उतनी रकम के लिए किया जाएगा जितनी उसकी अधिवर्षिता पर सेवा-निवृत्ति की तारीख से अथवा सेवानिवृत्ति की प्रत्याशित तारीख से एक वर्ष पूर्व समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लेखा विवरण में उपदर्शित किया गया हो, अथवा,

(ख) यदि अभिदाता को लेखा विवरण प्राप्त नहीं हुआ है तो उतनी रकम के लिए किया जाएगा जो खाता बही में उपदर्शित है।

(ii) कार्यालय/विभाग का प्रधान आवेदन को, लिए गए अग्रिमों, और नाम उन अग्रिमों के कारण जो अभी चालू हों, की गई वसूलियों तथा प्रत्येक अग्रिम के संबंध में वसूल की जाने वाली किश्तों की संख्या उपदर्शित करते हुए लेखा अधिकारी को भेजेगा और इसमें लेखा अधिकारी द्वारा भेजी गई अभिदाता के पिछले लेखा विवरण में सम्मिलित अवधि के पश्चात् की गई रकम की निकासियां भी प्रदर्शित की जाएगी।

(iii) लेखा अधिकारी खाता बही से सत्यापन करने के पश्चात् अधिवर्षिता की तारीख से कम से कम ए मास पूर्व किन्तु अधिवर्षिता की तारीख पर दे उस रकम का प्राधिकार जारी करेगा जो आवेदन में उपदर्शित की गई है।

(iv) खंड (iii) में उल्लिखित प्राधिकारी भुगतान की प्रथम किश्त होगी। भुगतान के लिए द्वितीय प्राधिकार अधिवर्षिता के पश्चात् यथासंभव शीघ्र जारी किया जाएगा। इसका संबंध उस अभिदाय से होगा जो अभिदाता द्वारा खंड (i) के अधीन प्रस्तुत किए गए आवेदन में उल्लिखित रकम के पश्चात् किया जाए और इसमें प्रथम आवेदन के समय चालू अग्रिमों के प्रति किश्तो का भुगतान भी होगा।

(v) अन्तिम भुगतान के लिए आवेदन लेखा अधिकारी को भेजने के पश्चात् अग्रिम/रकम का निकालना मंजूर किया जा सकता है, किन्तु अग्रिम/रकम निकासी की रकम संबंधित लेखा अधिकारी द्वारा प्राधिकार दिए जाने पर ली जाएगी और लेखा अधिकारी इसकी व्यवस्था मंजूरी प्राधिकारी की औपचारिक मंजूरी उसे प्राप्त होने पर यथाशीघ्र करेगा।

टिप्पणी :—जब नियम 20, 21 और 22 के अधीन अभिदाता के नाम जमा रकम देय हो जाए तो लेखा अधिकारी उपनियम (3) में उपदर्शित रीति से रकम के तत्परता से भुगतान के लिए प्राधिकार जारी करेगा।

26. सरकारी कर्मचारी के एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरण पर प्रक्रिया :

(क) यदि कोई सरकारी कर्मचारी, जो केन्द्रीय सरकार की या किसी राज्य सरकार की किसी अन्य अनभिदायी भविष्य निधि का अभिदाता है, केन्द्रीय सरकार के किसी विभाग में पेंशन योग्य सेवा में स्थाई रूप से स्थानांतरित कर दिया जाता है जिसमें वह इन नियमों से शासित होता है तो स्थानांतरण की तारीख को ऐसी अन्य निधि में उसके नाम जमा-अभिदानों की रकम, उस पर ब्याज सहित, निधि में उसके जमा खाते में अन्तरित कर दी जाएगी।

परन्तु जहां अभिदाता किसी राज्य सरकार को अभिदायी भविष्य निधि में अभिदान कर रहा था वहां उस सरकार की सहमति प्राप्त की जाएगी।

(ख) यदि कोई सरकारी कर्मचारी, जो राज्य रेल भविष्य-निधि या केन्द्रीय सरकार की किसी अन्य अभिदायी भविष्य निधि या राज्य अभिदायी भविष्य निधि का अभिदाता है, केन्द्रीय सरकार के किसी विभाग में पेंशन योग्य सेवा में स्थाई रूप से स्थानांतरित कर दिया जाता है जिसमें वह इन नियमों से से शासित होता है और जब तक अभिदाता ऐसी निधि के नियमों से शासित होते रहने का चयन नहीं करता है, जबकि ऐसा विकल्प दिया गया है :—

(i) स्थानांतरण की तारीख को ऐसी अभिदायी भविष्य निधि में उसके नाम जमा अभिदानों की रकम, उस पर ब्याज सहित अन्य सरकार की, यदि कोई हो, तो उसकी सहमति से निधि में उसके खाते में अंतरित कर दी जाएगी,

(ii) ऐसी अभिदायी भविष्य निधि में उसके नाम जमा सरकारी अभिदायों की रकम, उस पर ब्याज सहित, अन्य सरकार की, यदि कोई हो, तो उसकी सहमति से केन्द्रीय राजस्व (सिविल) में जमा कर दी जाएगी, और

(iii) अभिदाता स्थाई स्थानांतरण की तारीख से पूर्व उसके द्वारा की गई सेवा की गणना के संबंध में जहां तक सुसंगत पेंशन नियमों के अधीन अनुज्ञेय विस्तार है, पेंशन के लिए हकदार होगा ।

टिप्पणी 1 :—इस नियम के उपबन्ध ऐसे अभिदाता पर लागू नहीं होते जो सेवा-निवृत्त हो गया है और बाद में सेवा में व्यवधान के साथ या उसके बिना पुनः नियोजित किया गया है और उस अभिदाता पर लागू नहीं होता जिसकी पिछली नियुक्ति संविदा के आधार पर थी ।

टिप्पणी 2 :—परन्तु इस नियम के उपबन्ध उन व्यक्तियों पर लागू होंग जिन्हें सेवा में व्यवधान के बिना चाहे अस्थाई रूप मे या स्थाई रूप से, सेवा में त्यागपत्र के पश्चात् अथवा सेवानिवृत्ति के पश्चात् केन्द्रीय सरकार के अन्य विभाग के अधीन या राज्य सरकार के अधीन ऐसे पद पर नियुक्त किया जाता है ।

27. स्थानांतरण पर प्रक्रिया :

किसी व्यक्ति को सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगमित निकाय या सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी स्वशासी सगठन से सरकारी सेवा में स्थानांतरित किए जाने पर प्रक्रिया—यदि कोई सरकारी कर्मचारी, जिसे निधि के फायदे दिए जाने लगे हैं, पहले सरकार के स्वामित्वाधान या नियंत्रणाधीन किसी निगमित निकाय अथवा सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी स्वशासी संगठन की किसी भविष्यनिधि में अभिदाता था तो उसके अभिदानों और नियोजकों के अभिदायों की रकम, यदि कोई हो, उन पर ब्याज सहित, ऐसे निकाय की सहमति से निधि में उसके लेखे में अंतरित कर दी जाएगी ।

28. अभिदायी भविष्यनिधि (भारत) में रकम का अन्तरण :

